www.gurgaontoday.in
गुड़गांव टुडे
https://www.facebook.com/GurgaonToday/ मूल्य 2 ₹

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में चल रहा विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर

गुड़गांव टुडे/कृष्ण कौशिक

बल्लभगढ़। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के प्रांगण में चल रहे सात दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर (फॉर बॉयज) के तीसरे दिन शिविर की शुरूआत योग से हुई। शिविर की थीम भारतीय युवा- चरित्र, व्यक्तित्व एवम स्वावलंबन है द्य महाविद्यालय प्राचार्य डॉश् कृष्ण कांत जी का मकसद योग से शिविर की शुरुआत कराने का पीछे सभी स्वयंसेवकों को पूरे दिन सतर्क रखना है ताकि स्वयंसेवक सभी गतिविधियों में भाग ले सकें। प्रातः काल के मुख्य वक्ता श्री एसश्केश् अग्रवाल (जी×जी ग्रुप और एक्टिव रोटेरियन) ने वैश्विक तापन व पर्यावरण संबंधित अन्य संवेदनशील मुद्दों पर स्वयंसेवकों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि किस तरह हम अपनी दैनिक दिनचर्या से अपने पर्यावरण की दुर्दशा करते जा रहे हैं और हमारे पृथ्वी के वायुमंडल का औसतन तापमान 4.5 डिग्री सेल्सियस से 5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ चुका है। हमें जीवन तत्वों यानी जल, वायु व मृदा का संरक्षण करना जरूरी है क्योंकि अगर इन तत्वों में हानिकारक बदलाव हुआ तो हमारे जीवन अत्यंत भयावह हो जाएगा। इसके लिए हमें स्वयं को तो सजग होना ही पड़ेगा साथ ही अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करना पड़ेगा और अंत में उन्होंने सभी को पांच वृक्ष लगाने व उनका ध्यान रखने की शपथ भी दिलाई।